हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 जनवरी 2026, समय 18:10

- वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कालखण्ड रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्वसनीय नेता के रूप में उभरे।
- श्री मोदी ने आज वाराणसी में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा- कि उनकी सरकार ने खेल क्षेत्र में कई सुधार किए हैं।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- कांग्रेस "विकसित भारत-जी राम जी" क़ानून को लेकर जनता को गुमराह कर रही है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा - वर्ष 2027 में भाजपा पंजाब में सरकार बनाकर इसे देश का अग्रणी राज्य बनायेगी।
- मौसम विभाग ने हरियाणा और चण्डीगढ़ में अगले 2 दिनों तक कुछ स्थानों पर अत्यंत घना कोहरा पड़ने की संभावना जताई।

***********************************************************************

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कालखंड रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत इरादों ने हर क्षेत्र में सार्थक परिणाम दिए। देश की प्रगति में सरकार द्वारा बनाई नीतियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। वर्ष 2025 ऐसा वर्ष रहा जब विश्व ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक आदर्श नेता के रूप में देखा। देश के भीतर भी मजबूत आर्थिक नेतृत्व और आत्मविश्वास से भरी विदेश कूटनीति के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक स्थिर और विश्वसनीय नेता के रूप में उभर के सामने आए।

जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने भारत से जाने वाले उत्पादों पर शुल्क बढ़ाए तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के “राष्ट्र प्रथम” रुख ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब बाहरी दबाव को स्वीकार नहीं करेगा।इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर से राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में आतंकवाद के खिलाफ नई नीति को भी स्पष्ट किया।

***********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वर्ष 2014 के बाद खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। आज वाराणसी में, 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने खेल क्षेत्र में कई सुधार किए हैं जिनमें राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम और खेलो इंडिया नीति शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का खेल मॉडल खिलाड़ियों के अनुकूल है और इसलिए विगत

वर्षों में खेलों में हम सफल रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत 2036 में ओलंपिक खेलों की मेज़बानी का प्रबल दावेदार है।

उन्होंने कहा कि अब भारत में खेलों का बुनियादी ढांचा भी मजबूत हो रहा है। श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत को अपने युवा खिलाड़ियों पर गर्व है जो देश का नाम रोशन कर रहे हैं। राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट 11 जनवरी तक चलेगा। इसमें देशभर के एक हज़ार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**********************************************************************

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण-जी राम जी क़ानून को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि मनरेगा भ्रष्टाचार का एक पर्याय बन गई थी, श्रमिकों का शोषण किया जा रहा था।

श्री चौहान ने कहा कि विशाल बजट के बावजूद, मनरेगा ने किसी स्थायी संपत्ति सृजन या गांवों के दीर्घकालिक विकास को बढावा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि नए अधिनियम से श्रमिकों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और वे गांवों में सार्थक योगदान भी दे सकेंगे।

**********************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पंजाब में सरकार बनाकर पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाएगी। मुख्यमंत्री आज हरियाणा-पंजाब सीमा के निकट पटियाला जिले के घनौर कस्बे की अनाज मंडी में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा पंजाब सरकार में शामिल लोगों ने झूठे वायदे करके सत्ता तो हथिया ली, लेकिन चार साल बीतने के बावजूद लोगों के हित में काम करने की बजाए पंजाब का शोषण किया जा रहा है। पंजाब को नशाखोरी, बेरोजगारी और वायदा खिलाफी ने बर्बाद कर दिया है। पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर हरियाणा की तर्ज पर राज्य का विकास कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक समय में हरियाणा में भी कहा जाता था कि भारतीय जनता पार्टी का माहौल नहीं है। वर्ष 2014 के बाद ऐसा समय आया, आज वहां लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार है। इसी तर्ज पर पंजाब में भी भाजपा की सरकार बनेगी। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे लेकिन वर्तमान पंजाब सरकार ने तो कांग्रेस को भी पीछे छोड़ दिया है। इनके मंत्री जेल में हैं। उन्होंने पंजाब के आम आदमी का पैसा लूटा है। पंजाब के लोग इनसे तंग आ चुके हैं। वर्ष 2027 में पंजाब भाजपा

के साथ होगा। जनसभा को हरियाणा के पूर्व मंत्री असीम गोयल, पंजाब की पूर्व मंत्री महारानी परनीत कौर, पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह चीमा व सभा के आयोजक विकास शर्मा ने भी संबोधित किया।

***************************************************************************

कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा और कृष्ण बेदी ने आज कुरुक्षेत्र के महर्षि वाल्मीकि आश्रम के परिसर में बनने वाले लंगर हॉल का शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कुरुक्षेत्र महर्षि वाल्मीकि सभा द्वारा उनके सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन त्याग, तपस्या और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि व्यक्ति अपने कर्म, तप और सद्भावना से समाज को नई दिशा दे सकता है। मंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी केवल वाल्मीकि समाज के ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कर मानवता, मर्यादा, सत्य और धर्म का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा –

दोनों मंत्रियों ने वाल्मीकि मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना भी की और लंगर हॉल के निर्माण के लिए 11-11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

***************************************************************************

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक चंडीगढ़, पंचकुला, अम्बाला, यमुनानगर, कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल, सोनीपत और पानीपत सहित कुछ स्थानों पर अत्यंत घना कोहरा पड़ने की संभावना जताई है। उसके बाद 10 जनवरी तक घना कोहरा पढ़ने का अनुमान है। आज भी करनाल में अत्यंत घना कोहरा देखने को मिला। राज्य में अधिकतम तापमान सिरसा में 18.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नारनौल में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी और उसके बाद कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

****************************************************************************